शक्तिसिंहजी गोहिल का कार्यालय,

बिहार प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

http://www.shaktisinhgohil.com

प्रेस विज्ञप्ति **02 मई, 2020**

बिहार के छात्र एंव श्रमिक देश के अन्य राज्यो में काफी दिनों से बहुत बड़ी मुश्किलों का सामना कर रहे है।अब जब भारत सरकार ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि छात्र और श्रमिक के लीये हर राज्य अपनी व्यवस्था करके उन्हें अपने राज्य में ला सकते है। बिहार की भाजपा एंव जेडियू की मिली जुली सरकार के मुख्या नीतीश कुमार जी एंव भाजपा के सुशील मोदी जी से अनुरोध है कि हमारे इन श्रमिको और छात्रों को पूरी सुविधा के साथ बिहार लाया जाए। झारखंड सरकार ने और अन्य कई राज्यो की सरकारों ने अपने लोगो को वापिस बुलाने के लिए स्पेशल ट्रेन भेजी है और पूरी सुविधा के साथ सरकारी खर्च से श्रमिको एंव छात्रों को लाया जा रहा है। नीतीश कुमार जी और सुशील मोदी जी से अनुरोध है कि ख़ासकर गुजरात के सूरत, अहदाबाद एंव महराराष्ट्र के मुंबई जैसे शहरों में हमारे बिहार के लोग फसे हुए है।उनके लिए तुरंत पूरी ट्रेनों का इंतेजाम किया जाय और इन्हे बिहार में लाया जाए।जैसे झारखंड सरकार ने किया है उसी तरह जब यह श्रमिक एंव छात्र बिहार में आए तो थ्री लेयर हेल्थ चेकअप यानी पूरी तरह से चेकअप कराके ज़रूरत पड़ने पर दवाई और क्वारंटाइन कीजिए जिससे बिहार में कोरोना ना फैले। इसकी चिंता करते हुए, बिहार के हमारे लोगो के लिए तुरंत व्यवस्था कि जाए। पूरे देश में अभी रेलवे ख़ाली पड़ी है इसलिए रेल का प्रबंध करना भारत सरकार के लिए कोई दिक्कत का काम नहीं है। केंद्र में एनडीए की सरकार है और बिहार में भी एनडीए कि सरकार है तो सुशील मोदी जी एंव नीतीश कुमार जी अब विलंब ना करे ऐसा अनुरोध बिहार कांग्रेस प्रभारी श्री शक्ति सिंह गोहिल ने किया है।

सूरत ओर अहमदाबाद से बिहार के लीए आज कोई ट्रेन नहीं चली तो मैंने गुजरात सरकार से पूछा तब मुजे बताया गया कि बिहार सरकार ने मना किया है कि जबतक हम ना कहें, तब तक बिहार ट्रेन मत भेजिए ! मेरा सवाल सुशील मोदी जी ओर नीतीश कुमार जी से है कि यह अन्याय बिहार के लोगों के साथ क्यूँ ?

प्रति,
संपादक,

आपसे इस प्रेसनोट को आपके प्रतिष्ठित अखबार में जगह देने विनम्र गुजारिश हैं।

Sunil Rami

(सुनिल रामी)
निजी सहायक